Chander Dhar Guleri Govt Degree College Haripur (Guler) Distt. Kangra, H.P.

International Mother Language Day

 हरिपुर कालेज में मातृदिवस दिवस की धूम देहरागोपीपुर। चंद्रधर गुलेरी राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (गुलेर) में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा. केएस अत्री ने की। कार्यक्रम के आरंभ में डा. प्रभात कुमार शर्मा और प्रो. यशपाल शर्मा ने मातृभाषा दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज विश्व की विविध भाषाओं में संरक्षित संस्कृतियों का अनुसंधान तथा उनके भाषा वैज्ञानिक स्वरूप को जानना आवश्यक हो गया है। संसार के विभिन्न देशों व स्थानों में प्रचलित लगभग 6900 भाषाओं में से 90 प्रतिशत भाषाओं को बोलने वाले लोगों की संख्या 20-25 लाख तक सिमट गई है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के आयोजन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि बंग्लादेश के लोगों की भाषा के प्रति अनन्य प्रेम भाव एवं प्राणाहुतियों को देखते हुए यूनेस्को ने 21 फरवरी, 1999 को विश्व मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा कर दी। इस मौके पर मातृभाषा दिवस के प्रति विद्यार्थियों में रुचि को बढ़ाने के लिए जानकारियों से परिपूर्ण कुछ लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। epaper.divyahimachal.com दिव्य हिमाचल Fri, 21 February 2020 https://epaper.divyahimach.	Cutting of News paper ‘Divya Himachal” Dtd 21/2/2020
	Photo
	Visualization of documentary Film on International mother Language.